बलिदान दिवस अमर शहीद राजा शंकर एवं कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस मनाया

अमर शहीदों ने मातृभूमि को रखा सर्वोपरि : उइके

नवभारत, मंडला। अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस के अवसर पर किला परिसर में श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने अपने उद्बोधन की शुरुआत शहीदों की स्मृति में प्रसिद्ध पंक्तियों 'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा' से की। उन्होंने कहा कि वीर शहीदों ने अंग्रेजों की नीतियों के आगे झुकने के बजाय मातृभूमि के प्रति अपनी वफादारी को सर्वोपरि रखा। उनका साहस, राष्ट्रभक्ति और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि मंडला का गौरवशाली इतिहास ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से केवल औपचारिकता के रूप में नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ समझने का विषय है। वीर शहीद राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह ने देश और मातृभूमि के प्रति अपनी निष्ठा का परिचय देते हुए अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। उनके बलिदान और राष्ट्रभक्ति से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने कहा कि मातृभूमि के प्रति वफादारी और राष्ट्र के लिए दिए गए बलिदान की यह हृदयविदारक घटना इतिहास की साक्षी है। नई पीढ़ी को अमर शहीदों के जीवन और संघर्ष से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित एवं समाजहित के कार्यों के लिए आगे आना चाहिए।

वीर शहीदों ने साहस एवं वीरता का दिया परिचय

नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने कहा कि वीर शहीदों ने दुश्मनों के आगे घुटने नहीं टेके और अपने साहस एवं वीरता का परिचय दिया। उनका जीवन देश और समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। कार्यक्रम के आरंभ में शहीद राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित वक्ताओं ने भी वीर शहीदों के योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्यक्ष ने किया तथा आभार प्रदर्शन सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग अरूण शुक्ला द्वारा किया गया।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सरपंच टिकरवारा श्रीमती श्रद्धा उईके कवरेती, समाजिक कार्यकर्ता जयदत्त झा, पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, एडीएम हुनेन्द्र घोरमारे, एसडीएम मंडला शैलेन्द्र चौहान एवं बड़ी संख्या में नागरिक, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

आस्था वृद्धाश्रम में अटल वयो अभ्युदय योजना जनजागरूकता कार्यक्रम

नवभारत, मंडला। अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत वरिष्ठजनों के अधिकारों के संरक्षण तथा समाज में वरिष्ठजनों के प्रति सकारात्मक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आस्था वृद्धाश्रम माहिष्मती घाट प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007, उसके प्रावधानों, शिकायत निवारण व्यवस्था, प्रचलित नियमों, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं न्यायिक व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत मंडला अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका मंडला अध्यक्ष विनोद कछवाहा, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, वरिष्ठ नागरिक गुलाब सिंह मरदरिया एवं सेवानिवृत्त डीएसपी राम सिंह ककोडिया ने वृद्धजनों को संबोधित करते हुए शासन द्वारा वरिष्ठजनों के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।

तिंदनी में खूनी संघर्ष, महिला ने ली बुजुर्ग की जान

पुराने विवाद पर बुजुर्ग महिला को चाकू से गोदा आरोपी महिला गिरफ्तार

नवभारत, मंडला। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तिंदनी में पड़ोसियों के बीच मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया, जहाँ 35 वर्षीय एक महिला ने 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बुजुर्ग महिला के शव को जिला चिकित्सालय मंडला पीएम के लिए भेजा गया। जहां पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। हत्या की आरोपी महिला को पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया है।

जानकारी अनुसार ग्राम तिंदनी निवासी मृतिका संकरी यादव 70 वर्ष और उनकी पड़ोस में रहने वाली आरोपी महिला फूलकली यादव 35 वर्ष के बीच पिछले कुछ दिनों से छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि संकरी यादव आरोपी फूलकली की कथित अवैध गतिविधियों पर रोक-टोक करती थीं, जिससे वह काफी नाराज थी। विवाद बढ़ने पर आरोपी फूलकली यादव ने संकरी यादव के घर पहुंची और पहले उनके साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद तैश में आकर उसने संकरी यादव को जमीन पर पटक दिया और धारदार चाकू से बुजुर्ग महिला पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। इस हमले में संकरी यादव गंभीर रूप से घायल हो गईं और मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

पुलिस कर रही जांच

तिंदनी निवासी मृतिका शंकरी यादव की मौत के बाद ग्राम के लोगों में नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पहले भी आरोपी महिला फूलवती की गतिविधियों को लेकर पहले भी पुलिस से शिकायत की गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि इसी बात को लेकर फूलकली उनसे मनमुटाव रखती थी और धमकियां भी देती थी। ग्रामीणों इन आरोपों की भी पुलिस जांच कर रही है।

अवैध गतिविधियां रोकने पर हुआ विवाद

बताया गया कि घटना के दौरान शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों के बीच चल रहे विवाद को रोकने का प्रयास किया, लेकिन जब तक लोग कुछ कर पाते उससे पहले आरोपी महिला के चाकू के वार से शंकरी यादव की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने आरोपी महिला फूलकली यादव के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत हुआ दीप प्रज्वलन कार्यक्रम

सेवा, समर्पण, सहयोग और सामाजिक जागरूकता का दिया संदेश

नवभारत, मंडला। शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर में प्राचार्य डॉ.जी.सी. मेश्राम के निर्देशन एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ जे एस उर्वेती के मार्गदर्शन एवं डॉ. राजेश मासतकर के संयोजन में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

दीप प्रज्वलन के माध्यम से सेवा, समर्पण, सहयोग एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दिलाया गया। महाविद्यालय परिवार ने सेवा संकल्प अभियान को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए जनहित एवं समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया।

ये रहे उपस्थित- कार्यक्रम के सफल संचालन में राहुल विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ जी सी मेश्राम, प्रो.एम.के. बघेल, डॉ ज्योति सिंह, कार्यक्रम प्रभारी डॉ जे एस उर्वेती, सह प्रभारी डॉ राजेश मासतकर, डॉ. प्रियंका चक्रवर्ती, डॉ कुलभूषण रजक, प्रो.रविन चौहान, प्रो.देव प्रकाश उईके, अकांक्षा मरावी, प्रो. सचिन मरावी, गिरवर सिंह राजपूत, डॉ रवि कुमार यादव, डॉ संजीव सिंह, अमित सेन, विमला वल्के आदि उपस्थित रहे।

सीईओ शाश्वत मीना ने मरीजों से चर्चा कर जाना स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का हाल

छात्रावास, आंगनवाड़ी एवं जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

नवभारत, मंडला। जनविश्वास अभियान के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंडला शाश्वत सिंह मीना ने विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीनियर आदिवासी कन्या छात्रावास मंडला, आंगनवाड़ी केंद्र सिंहवाहिनी वार्ड तथा जिला अस्पताल का निरीक्षण किया।

सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना ने सीनियर आदिवासी कन्या छात्रावास मंडला पहुंचकर छात्रावास की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने रसोईघर एवं स्टोर का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री के रख-रखाव और भोजन व्यवस्था की जानकारी ली। छात्रावास में उपस्थित 95 छात्राओं से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, स्वास्थ्य, भोजन एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्राओं से उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में भी चर्चा की।

छात्रावास में मेडिकल चेकअप कराने के निर्देश

छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने नियमित मेडिकल चेकअप कराने तथा छात्रावास में काउंसलर के नियमित विजिट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद श्री मीना ने आँगनवाड़ी केंद्र सिंहवाहिनी वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में दर्ज बच्चों के टीकाकरण की स्थिति एवं संबंधित अभिलेखों की जानकारी ली। साथ ही गर्भवती महिलाओं को उपलब्ध कराए जा रहे पोषण संबंधी सेवाओं की जानकारी प्राप्त की।

एक नजर में

बड़े रपटा पुल से किशोरी ने नर्मदा में लगाई छलांग

नवभारत, मंडला। जिला मुख्यालय के बड़े रपटा पुल पर शुक्रवार शाम करीब 5.30 बजे उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक किशोरी अपना बैग और चप्पल पुल पर छोड़कर नर्मदा नदी में कूद गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पुल पर जमा हो गए और तत्काल इसकी सूचना प्रशासन को दी गई। बताया गया कि युवती के नर्मदा नदी में कूदने की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और होमगार्ड की टीम मौके पर पहुंची और नदी व आसपास के क्षेत्र में सघन तलाश अभियान शुरू किया। इसी बीच पुलिस ने पुल पर छोड़े गए किशोरी के बैग की तलाशी ली, जिसमें एक सिम कार्ड बरामद हुआ। इस सिम कार्ड के आधार पर किशोरी की पहचान की गई, जो टिकरिया थाना क्षेत्र की रहने वाली बताई जा रही है। बताया गया कि तलाश अभियान के दौरान ही नदी के पास मौजूद कुछ स्थानीय युवकों ने तत्परता दिखाते हुए डूबती हुई किशोरी को सुरक्षित बचा लिया। इसके बाद होमगार्ड की टीम ने उसे नर्मदा नदी से बाहर निकाला और उपचार के लिए जिला अस्पताल मंडला ले जाया गया।

वित्तीय साक्षरता के लिए व्यापक जागरूकता अभियान

नवभारत, मंडला। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार एवं सेंट्रल बैंक मंडला के सहयोग से 'समर्पित' संस्था द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। संस्था के प्रतिनिधियों द्वारा गाँव-गाँव और हाट-बाजारों में पहुंचकर ग्रामीणों को बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान क्षेत्रीय अधिकारी लक्ष्मी पटेल के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने में ब्लॉक काउंसलर सुनील मोंगरे, प्रवीण राय, नरेश गायकवाड़, कमलेश दुबे, स्वाती सोनी एवं नाजिम साही सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे आमजन : विनोद कछवाहा

नगर पालिका में आयोजित हुआ सीएम जन विश्वास शिविर

नवभारत, मंडला। नगर पालिका परिषद मंडला के टाउनहॉल में शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जन विश्वास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित किया।

श्री कछवाहा ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार लगातार आमजन के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के माध्यम से प्रत्येक शुक्रवार को प्रशासनिक अमला आपके बीच पहुंचकर योजनाओं के क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग कर रहा है। शासन की योजनाओं से आज आमजन लाभांवित हो रहे हैं।

नगर का किया जा रहा सौंदर्यीकरण

उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्र के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं। शहर में सड़कों का चौड़ीकरण, मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण जैसे विकास कार्य प्रगति पर हैं। वहीं ट्रांसपोर्ट नगर का नगरीय क्षेत्र से बाहर स्थानांतरण, बस स्टैंड एवं मछली बाजार को शहर से बाहर शिफ्ट करने सहित अनेक प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। हम नगर के विस्तार और सौंदर्यीकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। जन विश्वास अभियान के अंतर्गत नगरपालिका टाउनहॉल में जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की।

एसडीएम की तानाशाही से भड़के पटवारी

दी हड़ताल की चेतावनी, 3 दिन रहेंगे सामूहिक अवकाश पर

नवभारत, मंडला। मध्य प्रदेश पटवारी संघ (तहसील इकाई मण्डला) द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (एस.डी.एम.) मण्डला शैलेन्द्र चौधरी की तानाशाही कार्यप्रणाली, मानसिक प्रताड़ना और पटवारियों के प्रति दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई के विरोध में मोर्चा खोल दिया गया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जिला प्रशासन द्वारा तुरंत संज्ञान नहीं लिया गया, तो तहसील के समस्त पटवारी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रांतीय आह्वान के अनुसार पूरे प्रदेश के पटवारी 'स्वामित्व योजना' के कार्यों से पूर्णत: पृथक हैं, जिसकी लिखित सूचना जिला कार्यालय एवं तहसील स्तर पर पूर्व में ही दी जा चुकी थी। इसके बावजूद एस.डी.एम. मण्डला द्वारा पटवारियों पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है और सार्वजनिक रूप से अपमानित व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

ज्ञापन सौंपने के तुरंत बाद मण्डला तहसील के समस्त पटवारी शासकीय व्हाट्सएप ग्रुप्स से लेफ्ट होकर समस्त शासकीय कार्यों का पूर्ण बहिष्कार कर रहे हैं। यदि समस्याओं का त्वरित निराकरण नहीं हुआ, तो 21 सितम्बर से 23 सितम्बर तक (03 दिन) समस्त पटवारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे।

फट्टी वाले त्यागी महाराज की प्रतिमा का हुआ अनावरण

नवभारत, घुघरी। नगर के त्यागी चौक में धार्मिक और श्रद्धामय वातावरण के बीच परमपूज्य श्री श्री 1008 फट्टी वाले त्यागी महाराज की नवनिर्मित प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। प्रतिमा अनावरण के इस पुनीत अवसर पर 24 घंटे की अखंड रामधुन का भी शुभारंभ हुआ, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।

बताया गया कि फट्टी वाले त्यागी महाराज संतान सप्तमी के पावन अवसर पर ही ब्रह्मलीन हुए थे। उनकी स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार और पूरे विधि-विधान के साथ प्रतिमा का अनावरण किया गया।

इस विशेष अवसर पर फट्टी वाले त्यागी महाराज के गुरु भाई दीपक दास महात्यागी महाराज सहित संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनके सानिध्य में सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए।

आबकारी ने ढाबे के पीछे परोसी जा रही शराब पकड़ी

नवभारत, मंडला। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा विक्रय एवं सेवन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मंडला शैलेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में आबकारी एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने होटल एवं ढाबों की चेकिंग की।

जांच के दौरान न्यू स्टार ढाबा के पीछे एक शटर के अंदर अवैध रूप से मदिरा का सेवन करते हुए लोग पाए गए। मौके से टीम ने 12 नग देसी-विदेशी मदिरा बरामद की। अवैध रूप से मदिरा का विक्रय एवं मदिरापान कराते पाए जाने पर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। साथ ही राजस्व विभाग द्वारा दुकान को सील करने की कार्रवाई की गई।

स्कूल में हुई जांच ने बचाया शिवांश का जीवन

नवभारत, मंडला। 6 वर्षीय शिवांश चौधरी अपने परिवार के लिए बिल्कुल सामान्य और स्वस्थ बच्चा था। परिवार को कभी यह अहसास नहीं हुआ कि उसके हृदय में जन्मजात बीमारी है। जुलाई माह में मेहरा सिवनी ग्राम के स्कूल में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान आरबीएसके टीम निवास ने शिवांश की जांच की। जांच के दौरान चिकित्सक डॉ. अजय कुमार खंडेल ने उसके हृदय में जन्मजात बीमारी की आशंका जताई और आगे की जांच की सलाह दी।

परिजनों को शुरुआत में विश्वास नहीं हुआ कि शिवांश को हृदय संबंधी कोई बीमारी हो सकती है। लेकिन आरबीएसके टीम की सजगता और समझाइश के बाद जबलपुर में बच्चे की इकोकार्डियोग्राफी कराई गई। जांच में आट्रियल सेप्टल दोष की पुष्टि हुई और चिकित्सकों ने हृदय की सर्जरी की आवश्यकता बताई। आरबीएसके टीम निवास के आवश्यक समन्वय एवं मार्गदर्शन से शिवांश का उपचार नारायण हेल्थ, मुंबई में कराया गया। 8 अगस्त 2026 को उसकी सफल हृदय सर्जरी हुई।

अमानवीयता अवैध रूप से संचालित वृद्धाश्रम में मौतों का सिलसिला जारी, एफआईआर के निर्देश

बीजाडांडी में अमानवीयता, लापरवाही ने ली एक और जान

नवभारत, मंडला। आदिवासी बाहुल्य मंडला जिले में इंसानियत को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। जिले के बीजाडांडी ब्लॉक मुख्यालय में संचालित सैद्धांतिक सीनियर सिटीजन होम वृद्धाश्रम इन दिनों बेसहारा वृद्धों के लिए सुरक्षित आश्रय की बजाय मौत का केंद्र बनता जा रहा है। यहां खराब व्यवस्था, घोर लापरवाही और अमानवीयता के चलते पिछले कुछ महीनों से लगातार वृद्धजनों की मौत का सिलसिला जारी है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह वृद्धाश्रम प्रशासन की बिना किसी वैध अनुमति के पूरी तरह से अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। इस पूरे मामले का भंडाफोड़ तब हुआ जब विगत बुधवार को एक और बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

जानकारी अनुसार बुधवार को इस वृद्धाश्रम में एक बुजुर्ग की संदिग्ध मौत हो गई। घटना के बाद आश्रम के कर्मचारी आनन-फानन में मृत वृद्ध को लेकर स्थानीय शासकीय अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टरों ने स्पष्ट किया कि वृद्ध की मौत काफी देर पहले ही हो चुकी है। यह सुनते ही वृद्धाश्रम के कर्मचारी घबरा गए और अपने कृत्य को छिपाने के उद्देश्य से मृतक के शव को लेकर अस्पताल से भागने लगे। हालांकि अस्पताल के डॉक्टरों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस के कड़े हस्तक्षेप के बाद बड़ी मुश्किल से मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा सका, जिससे आश्रम संचालकों की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

अवैध रूप से संचालित है आश्रम

वृद्धाश्रम में लगातार हो रही मौतों और कुव्यवस्था को लेकर जब जिला पंचायत के सीईओ शाश्वत सिंह मीणा से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहां कि उक्त वृद्धाश्रम को हमारे विभाग से संचालन की कोई अनुमति नहीं दी गई है। यह केंद्र पूरी तरह से अवैध तरीके से संचालित हो रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हमारे अधिकारियों ने संबंधित वृद्धाश्रम और उसके संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए संबंधित थाने में आधिकारिक आवेदन दे दिया है।

पिछले माह भी हुई थी मौत

इस वृद्धाश्रम का विवादों से पुराना नाता रहा है। बताया जा रहा है कि पिछले महीने भी यहां एक वृद्ध की संदिग्ध मौत हुई थी। उस समय आश्रम प्रबंधन ने घोर लापरवाही का परिचय देते हुए पुलिस और प्रशासन को सूचना दिए बिना ही शव को दफना दिया था।

दस्तावेज नहीं हैं, मामले की गहन जांच जारी

पुलिस महकमा भी अब इस मामले में पूरी तरह से सतर्क हो गया है। मंडला के एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया बीजाडांडी में संचालित इस वृद्धाश्रम के पास संचालन के लिए कोई प्रॉपर दस्तावेज या अनुमति नहीं है। आज हुई मौत के मामले में हमने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस और संबंधित विभाग की टीम मामले की संयुक्त जांच में जुटी हुई है।